## सार-समाचार

### ज्ञानशाला दिवस का आयोजन

**बालोतरा,** (निसं)। बालोतरा के न्यू तेरापंथ भवन बालोतरा में श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी महासभा और राष्टीय ज्ञानशाला प्रकोष्ठ के निर्देशानुसार एवं स्थानीय तेरापंथी सभा एवं ज्ञानशाला परिवार द्वारा शासन श्री साध्वी श्री सत्यप्रभा जी ठाणा 4 एवं साध्वीश्री अणिमाश्रीजी ठाणा 5 के सानिध्य में ज्ञानशाला दिवस का आयोजन किया गया। पूज्य प्रवर की दृष्टि के अनुसार ज्ञानशाला दिवस भाद्रमास कृष्ण पक्ष के प्रथम रविवार को आयोजित किया जाता है। बालोतरा में ज्ञानशाला दिवस रैली से प्रारंभ हुआद्य सदर बाजार तेरापंथ भवन से शहर के वीर मार्गो से होती हुई न्यू तेरापंथ भवन तक रैली का आयोजन किया गया। मुख्य प्रशिक्षिका रानी बाफना ने बताया कि ज्ञानशाला दिवस के कार्य म की शुरुआत साध्वीश्रीजी के नमस्कार महामंत्र से आयोजित की गई। ज्ञानशाला दिवस पर साध्वीश्रीजी की प्रेरणा से विराट पारिवारिक सम्मेलन रखा गया तीन पीढियां का संगम अर्हम अर्हम की वंदना की सुन्दर प्रस्तुति के साथ छोटे-छोटे ज्ञानार्थीयो के द्वारा मंगलाचरण किया गया। राष्टीय ज्ञानशाला प्रकोष्ठ ज्ञान मित्र के द्वारा भेजा गया संवाद सपनों को सच करने वाली संस्कार शाला ज्ञानशाला पर नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा संवाद प्रस्तुत किया गया। साध्वी श्री अणिमा श्री जी ने प्रेरणा प्रदान की आपने फरमाया कि अगर किसी व्यक्ति को परिवार में राहत मिलती हैं और वह प्रफुल्लित रहता है तो काम करने की शक्ति दुगनी हो जाती है उसी जगह अगर परिवार में परेशानी हो तो काम करने की शक्ति कमजोर हो जाती है। अगर आप चाहते हैं परिवार में सभी की शक्ति बडे तो आपको जागरूक होना होगा क्योंकि कोरी अर्थव्यवस्था आपके बच्चे को कहां तक बिगाड सकती है और कहां तक गलत रास्ते पर ले जा सकती है। आप अपने बच्चों को ज्ञानशाला नहीं भेजेंगे तब तक उनके अंदर संस्कार नहीं आएंगे अगर आप सभी संस्कारों के प्रति जागरूक नहीं रहेंगे तो वृद्धाश्रम खोलने की बारी आ जाएगी। इस अवसर पर महासभा के सदस्य धनराज ओस्तवाल मारवाड आंचल के संयोजक सुरेंद्र सालेचा सहसंयोजक मनोज ओस्तवाल सहित हजारों की जनवेदनी उपस्थिति रही।

### जालोर में कांग्रेस की बैठक आयोजित

**जालोर,** (कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं पीसीसी के निर्देशानुसार लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा पिछले दिनों प्रेस कॉन्फ्रेंस से संबंधित जानकारी और वोट चोरी के तरीकों के संबंध में खुलासा करते हुए प्रस्तुति देने का वीडियो जिला कांग्रेस कमेटी ने अपने जिला मुख्यालय राजीव गाँधी भवन जालौर पर बैठक आयोजित कर जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल के नेतृत्व में प्रदर्शित कर उक्त घटना से अवगत कराया। जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया की समस्त कांग्रेसजन ने राहुल गांधी द्वारा की गई प्रेस वार्ता के वीडियो को कांग्रेस कार्यालय में टेलीविजन के माध्यम से ध्यान पुर्वक देखा एवम सुना। साथ ही देशभर में की जा रही वोट चोरी की निदा की।वोट चोरी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला हैं।कांग्रेसजन ने वीडियो में बताई गई पांच तरीके से की गई वोट चोरी को समझा तथा जिले जालोर में भी इस तरह होने वाली संभावनाओं के विरुद्ध सतर्कता बरतने की बात समझी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल, आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, जालोर कांग्रेस प्रत्याशी रमिला मेघवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी सवाराम पटेल,जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, जिला उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली भुट्टो, ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, नगराध्यक्ष मुमताज अली,मदनलाल दहिया, जवानाराम परिहार, लक्ष्मण सिंह सांखला,खसाराम मेघवाल एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सुष्मिता गर्ग, सोनाराम मेघवाल, चतराराम सुथार,ओबीसी जिलाध्यक्ष सी एल गहलोत,मंडल अध्यक्ष पीर सिंह मालपुरा, सुल्तान खान भाटी, सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### माली समाज भवन में सभा हुई

**बालोतरा,** (निसं)। कैलाश मैमोरियल सेवा संस्थान की साधारण बैठक अध्यक्ष गजेन्द्र पंवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उपाध्यक्ष पुष्पराज पंवार ने बताया कि माली समाज भवन में आयोजित की गई। बैठक प्रारभ में पूर्व साधारण सभा 22 फरवरी 2025 के कार्यो की पुष्टि की गई। साथ ही आगामी कार्यो की विचार-विमर्श पर निम्न प्रस्ताव रखे गए। सभी सदस्यों के लिए ड्रेस कोड व वार्षिक कार्यक्रम पर सहमति बनी आगामी नवरात्रि में 28 सितंबर 2025 को बेटी बचाओ बेटी पढाओ एवं बालिका शिक्षा को बढावा देने के लिए 108 कन्याओं का महापूजन रखा जाएगा। कार्यक्रम को आयोजन करने के लिए छह प्रभारी नियुक्त किए गए वकील रमेश कच्छवाहा, आर्किटेक अशोक सोलंकी, पुष्पराज पंवार, कांतिलाल गहलोत, पृथ्वीराज पंवार, अशोक पंवार को जिम्मेदारी दी गई। संस्थान के महामंत्री थाना राम गहलोत ने बताया कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य क्लीन थाली विथ सेल्फी अभियान को आगे भी निरंतर लोगों के बीच में ले जावे जिससे अन्न का सम्मान हो सके भोजन की बर्बादी ना हो वह लोगों को जागरूक करें एवं महामंत्री महेश परमार ने बताया कि कन्या पूजन के कार्यक्रम को ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच में ले जाने और उसका प्रचार प्रसार करें। सोशल मीडिया प्रभारी खीमराज सुन्देशा ने बताया कि कार्यक्रम माली समाज भवन गांधीपुरा में आयोजित होगा संगठन मंत्री प्रवीण टाक ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके ललित पंवार, दिनेश गहलोत, सुरेश गहलोत, देवीलाल पंवार, गोपाल गहलोत, गणपत गहलोत भंवरलाल पंवार, शुभम सुन्देशा, दिलीप पंवार, मुकेश पंवार सहित कई लोग मौजूद है।

### देशभक्ति का संदेश दिया

**बालोतरा,** (निसं)। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कालेवा में सोमवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत साइकिल और पदयात्रा रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में विद्यार्थियों ने बढ-चढकर हिस्सा लिया और पूरे गांव तथा आसपास की ढाणियों में देशभक्ति का संदेश पहुंचाया। रैली की शुरुआत विद्यालय से हुई, जहाँ प्राचार्य अनिल लालवानी ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। तिरंगे झंडों के साथ निकले विद्यार्थियों ने राष्ट भक्ति से ओतप्रोत नारे और स्लोगन लगाए। हर घर तिरंग, भारत माता की जय, जय हिंद नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना था, ताकि स्वतंत्रता के इस महापर्व में पूरा गांव एक साथ जुड सके। रैली को रवाना करते समय प्राचार्य अनिल लालवानी ने विद्यार्थियों को शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमें शहीदों के बलिदान को याद रखना चाहिए और राष्ट के लिए समर्पित भाव से अच्छे कार्य करने चाहिए। रैली के आयोजन के साथ-साथ विद्यालय में पोस्टर और ड्राइंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से देशभक्ति और तिरंगे के महत्व को दर्शाया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे उनमें राष्टीय गौरव की भावना और मजबूत हुई। इस आयोजन में व्याख्याता लक्ष्मणराम, दिनेश कुमार, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक ताजा राम चौधरी, वरिष्ठ शिक्षक अमर सिंह, मनीराम, रमेश कुमार, अध्यापक मोहन लाल चौधरी, अमृत राज, अनिल पूनिया, और रोहित कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने सक्रिय सहयोग दिया।

### सीमा प्रहरी सम्मान

**जैसलमेर,** ( निसं)। ऑपरेशन सिंदूर के दरम्यान सीमाओ पर तनावपूर्ण माहौल में बाह्य एवं आंतरिक सुरक्षा में बेहतरीन सेवाएं देने के लिए बटालियन की नाचना चौकी के प्रभारी कपूरसिंह के साथ सीमा सुरक्षा बल के जवानों का तथा पुलिस थाना नाचना के उप अधीक्षक गजेंद्रसिंह , पुलिस निरीक्षक भूटाराम , लक्ष्मण , हीराराम , खीमाराम , एवं समस्त पुलिस रक्षकों का नाचना ठाकुर विक्रमसिंह भाजपा प्रदेश समिति सदस्य, जनकसिंह प्रधान फतेहगढ, हिम्मताराम चौधरी जिला उपाध्यक्ष, नाचना मंडल अध्यक्ष तुलच्छसिंह, चांदन मंडल अध्यक्ष वीरेन्द्रसिंह, खुशाल सोनी सरपंच, मांगूसिंह सीमाजन समिति, अर्जुन सोनी मंडल अध्यक्ष, उम्मेदाराम बंजारा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, महेन्द्रसिंह सांकड़िया, नगसिंह इत्यादि ने साफा पहनाकर व शाल ओढ़ाकर तथा मालाएँ पहनाकर और मिठाई खिलाकर धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

### महिला कॉलेज में पौधारोपण कार्यक्रम

**जालोर,** (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलायें जा रहे एक पेड मां के नाम कार्यक्रम के तहत आज राजेन्द्र सुरी कुन्दन जैन महिला महाविद्यालय में सोमवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री डॉ.मंजु मेघवाल ने बताया कि इस अभियान के तहत हम सबको मिलकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधारोपण कार्य करना है। इस अवसर पर कालेज प्राचार्य डॉ. मोहम्मद इरफान, प्रोफसर वगताराम चौधरी, जिला प्रवक्ता उर्मिला दर्जी, जिला मंत्री गीता बारोङ्ग,पार्षद दिनेश बारोट, वरिष्ठ सहायक सुमित दवे, नरेंद्र कुमार, शिल्पा कुमारी, गुडिया, खूशबु, रेखा ,पुष्पा सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# बजट घोषणाओं की क्रियान्विति प्राथमिकता से करें : डॉ. गावंडे

**जालोर,** (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बजट घोषणा वर्ष 2025-26 एवं बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की क्रियान्वयन प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं की क्रियान्विति प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करें। उन्होंने बजट घोषणाओं के तहत जिला चिकित्सालय में डायबिटिक क्लिनिक, जसवंतपुरा में नवीन महाविद्यालय, जिले के प्रत्येक ब्लॉक पर महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के लिए रानी लक्ष्मीबाई केंद्र, राजकीय विद्यालयों में अटल टिकरिंग लैब, सांचौर नगर में सीवरेज संबंधी कार्य, जाजूसन में 33/11 केवी जीएसएस निर्माण कार्य, नून ग्राम में एयर स्ट्रिप की मरम्मत, रख रखाव एवं उन्नयन कार्य, जालोर से झालावाड़ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे, जालोर शहर में रिंग रोड निर्माण कार्य, केशवना में घुमंतु-अर्द्धघुमंतु समुदाय के बच्चों के लिए छात्रावास का निर्माण, सांचौर में एग्रो फूड पार्क, ग्रामीण क्षेत्रों हेतु अटल प्रगति पथ, किसानों को माइक्रो सिंचाई के अंतर्गत सौर ऊर्जा पंप हेतु अनुदान संबंधी सहित केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं यथा श्रमिकों एवं वाहन चालकों के लिए मां नेत्र वाउचर योजना, गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, पंच गौरव योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में बिंदुवार चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, युवा एवं खेल मामले विभाग, पशुपालन विभाग सहित विभिन्न विभागों की बजट घोषणाओं को तय समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाओं को विभागवार समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, सीएमएचओ डॉ. भेराराम जाणी, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, सहकारी समिति के नारायण सिंह, मुख्य आयोजना अधिकारी महेश चावला, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक डॉ. धनसिंह राजपुरोहित सहित कई जने उपस्थित रहे।

## जातरू पर उछला कीचड़, रोजवेज बस पर पथराव व लाठी से हमला

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के बनाड़ रोड पर रोडवेज बस पर एक जातरू ने पथराव कर लाठी से हमला कर दिया। बताया गया कि बस निकलने के समय कीचड़ उछल कर जातरू पर गिर गया था। इससे गुस्साए जातरू ने बस पर हमला किया। पत्थर की चोट लगने से एक यात्री जख्मी हो गया। इस बारे में रोडवेज बस के परिचालक की तरफ से रिपोर्ट दी गई।

बनाड़ पुलिस ने बताया कि माधाराम पुत्र रामसुख माली की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह रोडवेज बस में परिचालक के पद पर कार्यरत है। रविवार की शाम को पावटा से निकली बस जब बनाड़ रोड पर पहुंची तब एक जातरू ने बस पर पथराव करने के साथ लाठी से हमला कर दिया। जिससे बस का कांच टूट गया और पत्थर लगने से एक यात्री जख्मी हो गया। पुलिस ने बताया कि बनाड़ रोड पर बारिश का पानी जमा होने से वहां कीचड़ हो रखा है, जिसके कुछ छींटे जातरू को लग गए। इस पर गुस्से में आकर हमला कर बैठा। जातरू की पहचान पंकज नाम के शख्स के रूप में की गई।

# कृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा के लिए समितियों का गठन

**जालोर,** (कासं)। कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर विश्व हिन्दू परिषद से प्रेरित सनातन महोत्सव समिति की बैठक रविवार शाम 8.30 बजे जलंधरनाथ धर्मशाला जालोर में आयोजित हुई।

समिति संयोजक अम्बालाल व्यास ने बताया कि आगामी 16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर विश्व हिन्दू परिषद से प्रेरित सनातन महोत्सव समिति की बैठक रविवार शाम 8.30 बजे जलंधरनाथ धर्मशाला में शहर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में जन्माष्टमी को भव्य शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्ग से निकालने का निर्णय लेते हुये शोभायात्रा में विभिन्न कार्यों के लिये अलग -अलग समितियां बनाकर जिम्मेदारी दी गई । जिसमें मटकी फोडने के लिये कन्हैया टोली तैयार करने के लिए महेश सोलंकी, हेमेंद्रसिंह बगेडिया व मयंक देवडा, शोभायात्रा में स्कूलों की झांकियों के लिये सम्पर्क करने की जिम्मेदारी राजकुमार माली को, शोभायात्रा मार्ग में जल, शरबत, प्रसाद, फलाहार आदि के लिये कैलाश माहेश्वरी, ओटाराम सोलंकी, आलोक सोनी व कैलाश लखारा, श्री कृष्ण भगवान के रथ व ध्वज लगाने की जिम्मेदारी के लिये दिनेश जीनगर, शहर में पोस्टर व बैनर के लिये भरत बोराणा व राजू भाटी सहित पम्पलेट व आमंत्रण पत्रिका छपवाना, साधु महात्माओं से मिलकर निमंत्रण देना, नगर परिषद आयुक्त को पत्र देना, प्रशासन से जुलूस की स्वीकृति लेना आदि विभिन्न कार्यो को पूर्ण करने के लिये भी जिम्मेदारी सौंपी गई। शोभायात्रा में ऊंट, घोडे, नौबत, बैण्ड बाजा, नासिक ढोल, डीजे सहित विभिन्न प्रकार की झांकियों का समावेश होगा।

इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के दिनेश जीनगर, समिति के पूर्व संयोजक कैलाश माहेश्वरी, ओटाराम सोलंकी, आलोक सोनी, मनीष गुप्ता, हेमेंद्रसिंह बगैडिया, पुखराज, रतन सोलंकी, शांतिलाल भाटी, दिनेश बारोट, भरत बोराणा, रतनलाल माली, किशोर प्रजापत, नरेश कुमार, राजू भाटी, योगेश खत्री, आनन्द कुमार सहित बडी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी उपस्थित रहे।

## उल्टा पकड़ा ध्वज, वीडियो वायरल

**जालोर,** (कासं)। जालोर के निकट भीनमाल में आयोजित भाजपा के तिरंगा कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारियों ने उल्टा तिरंगा ध्वज पकडकर फोटो खिंचवाया। उल्टा पकडा ध्वजा सोशियल मीडिया पर वायरल होने पर तिरंगा का सम्मान की बजाये अपमान करने के कमेंट आदि चर्चा का विषय बने रहे।

जालोर के निकट भीनमाल के जूनी बाली में भाजपा की ओर से चलाया जा रहा तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, सांसद लुंबाराम चौधरी, भीनमाल के पूर्व विधायक पुराराम चौधरी सहित अन्य भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहो जिसमें सभी ने तिरंगा ध्वजा को उल्टा पकडकर फोटो खिंचवाया। किसी के ध्यान में नही आया कि तिरंगा ध्वज उल्टा पकडा हुआ है फोटो वायरल होने पर चर्चा बना रहा।

## दुष्कर्म के आरोपी को दस साल का कारावास

**जालोर,** (का.स.)। पोक्सो न्यायालय जालोर के न्यायाधीष प्रमोद कुमार मलिक ने सोमवार को दुष्कर्म के आरोपी सोमाराम उर्फ सोमताराम को दस साल के कारावास की सजा सुनाई।

विशिष्ट लोक अभियोजक रणजीतसिंह राजपुरोहित के अनुसार पीडिता ने 15 जुलाई 2019 को रिपोर्ट पेष कर बताया कि एक माह पहले वह बकरियां चराने गयी । तब उसे अकेली देख सोमाराम उर्फ सोमताराम पुत्र कोलाराम ने उसे पकडकर उसके साथ बलात्कार किया । वही उसे कहा कि किसी को यह बात बताना नही व उसके फोटो लिये । उसने अपनी इज्जत बचाने के लिए किसी को यह बात नही बतायी गयी । सोमाराम उनके घर पर आता जाता रहता था, तो उसने अपने पति से कहा कि सोमाराम अपने घर पर नही आना चाहिए। सोमाराम उसके घर आकर उसे दबाव देता और गलत काम करने का कहता, पीडिता द्वारा मना करने पर उसके फोटो वाटसअप कर बदनाम करने की धमकिया दी । उक्त रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी सोमाराम को गिरफतार किया गया ।

वही अनुसंधान में पुलिस ने पाया कि आरोपी ने पीडिता के साथ जबरन दुश्कर्म किया तथा उसके पति व समाज के ग्रुप में उसके अष्लील फोटो वायरल कर बदनाम किया।

पुलिस द्वारा बाद अनुसंधान आरोप पत्र न्यायालय में पेष किया। अभियोजन पक्ष की ओर से सत्तराह गवाह के बयान न्यायालय में लेखबद्व किये गये। पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश प्रमोद कुमार मलिक ने दोनो पक्षो की बहस सुनने के बाद आरोपी सोमाराम उर्फ सोमताराम को पीडिता के साथ दुश्कर्म करने का दोशी मानते हुए दस साल के कारावास की सजा सुनाई।

सरकार की ओर से पैरवी विषिश्ट लोक अभियोजक रणजीतसिंह राजपुरोहित ने की।

# निवेश के नाम पर 42.80 लाख की ठगी

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के लूणी स्थित नांदवास गांव में रहने वाले एक युवक को झांसे में लेकर शातिरों ने निवेश के नाम पर 42.80 लाख की ठगी कर ली। पीड़ित ने चार पांच युवकों के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट दी है। इसमें एक युवक जम्मू कश्मीर का बताया जाता है। उदयमंदिर थाने में इस बाबत रिपोर्ट दी गई है। रूपयों को लेन देन कचहरी परिसर से होना बताया गया है।

उदयमंदिर पुलिस ने बताया कि पुरोहितों की ढाणी नांदवास गांव लूणी निवासी प्रेम सिंह राजपुरोहित ने यह रिपोर्ट दी है ।इस रिपोर्ट में बताया गया है कि उसकी पहचान जगती कॉलोनी जम्मू कश्मीर के सुमेर जे. भट्ट उर्फ सुमीर से हुई थी। जिसने निवेश के नाम पर धन को दोगुना होने की बात की थी। जिसके बाद उसने शैलेश रमेश ऑटी और अनुराग चौधरी नाम के शख्स से मिलवाया गया था। इन लोगों को जोधपुर के कोर्ट परिसर में बात हुई थी। तब धन निवेश के नाम पर इन लोगों को अलग अलग किश्तों में 42.80 लाख रूपए इंवेस्ट किए गए। मगर बाद में आरोपियों ने टालमटोल जवाब देना शुरू कर दिया। पुलिस ने बताया कि मामला कुछ दिनों पहले का ही है। पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अब जांच आरंभ की गई है।

रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित प्रेमसिंह को साउथ नॉर्थ लॉजिस्टिक इंडियन नाम की कंपनी में निवेश कर मुनाफा कमाने का लालच दिया। इस पर उसने अपने मुंबई निवासी पार्टनर जयंतीलाल चौधरी से बात की। इसके बाद सुमेर भट्ट और उसकी कंपनी के प्रतिनिधि शैलेश रमेश ओटी ने एक मीटिंग भी करवाई जिसमें दोगुना मुनाफा कमाने का प्रलोभन दिया।

रिपोर्ट के अनुसार पहले भुगतान के तौर पर 15 लाख रुपए दे दिए। बाद में 27 लाख 80 हजार व अंतिम भुगतान के तौर पर 5 लाख रुपए दे दिए। यह सभी रुपए उनके पार्टनर जयंतीलाल की कंपनी जेबी डेवलपर्स के खाते से ऑनलाइन डाले गए।

रुपए देने के कई दिन बीतने के बाद भी कंपनी के प्रतिनिधि की ओर से ना तो मुनाफा दिया गया ना ही पैसे वापस लौटाए गए।

कंपनी के प्रतिनिधि शैलेश रमेश ऑटी ने आश्वासन दिया कि पैसा लौटा दिया जाएगा। इसके बाद सुमेर जे भट्ट 10 जुलाई को जोधपुर आया। यहां पर कचहरी परिसर में परिवादी और उसके पार्टनर जयंतीलाल चौधरी के पक्ष में इकरारनामा भी करके दिया।

इस दरमियान कंपनी के प्रतिनिधि शैलेश रमेश ने एक डेवलपर्स के खाते में 500000 की राशि अलग-अलग टुकड़ों में डाली और बकाया रुपए देने से मना कर दिया।

## तिरंगा वाहन रैली निकाली

**पाली,** (नि.सं.)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज सोमवार को सवेरे कलेक्ट्रेट परिसर से तिरंगा वाहन रैली मुख्य अथिति भारतीय थल सेना की 4जी ठोनेडियर बट्टालीयन के युद्ध दिव्यांग भूतपूर्व सैनिक हवलदार पूराराम चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जिला कलक्टर एलएन मंत्री, अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंगसिंह, ज़िला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी, यूआईटी सचिव पूजा सक्सेना, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल राठौड़, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर जिला कलक्टर मंत्री ने भूतपूर्व सैनिक पूरा राम चौधरी का माला साफा पहना कर स्वागत किया। तिरंगा वाहन रैली कलेक्ट्रेट, सूरजपोल, अम्बेडकल सर्कल, गांधी मूर्ति, लोर्डिया पाल, बजरंग बांग से होते हुए बांगड़ कॉलेज से शिवाजी सर्कल, बांगड स्कूल होते हुए कलेक्ट्रेट आकर समाप्त हुई।

## भीनमाल में दो जनों से स्मैक बरामद

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिले के भीनमाल पुलिस ने सोमवार को अवैध मादक पदार्थ स्मैक 12.46 ग्राम जब्त कर दो आरोपियो को गिरपतार किया।

भीनमाल पुलिस उप अधीक्षक अन्नराजसिंह के निर्देशानुसार मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम के लिए अभियुक्तगणों के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान धरपक्कड के तहत रामेश्वर भाटी निरीक्षक पुलिस थानाधिकारी पुलिस थाना भीनमाल के नेतृत्व में मुखबिर ईतलानुसार कस्बा भीनमाल में गायत्री मंदिर के सामने मैन रोड पर नाकाबंदी शुरू कर वाहनों की चैकिंग की गई तो दौराने नाकाबंदी मोटरसाईकिल मय उस पर सवार दो युवक आते दिखाई दिया। जो पुलिस जाब्ता को देखकर रिवर्स लेने की ताकाझांकी करने पर घेरकर वाहन मय वाहन पर सवार दोनों व्यक्ति को दस्तयाब कर तलाशी ली की गई, तो आरोपी शाहरुख खान के पास से बरामदा अवैध मादक पदार्थ स्मैक कुल वजन 06.08 ग्राम व दिलीप वैष्णव के पास से बरामदा अवैध मादक पदार्थ स्मैक कुल वजन 06.38 ग्राम को बरामद किया जाकर आरोपी शाहरूख खान व दिलीप वैष्णव को गिरफतार किया गया। पुलिस ने बताया कि शाहरुख खान पुत्र दाउदखान, जाति मुसलमान, उम्र 25 साल, निवासी फाफरीया हनुमान मन्दिर के सामने दुदावा बेरा भीनमाल, पुलिस थाना भीनमाल, जिला जालोर व वैष्णव पुत्र दिनदयाल, जाति वैष्णव, उम्र 35 साल, निवासी पुनासा बस स्टैण्ड भागल रोड भीनमाल, पुलिस थाना भीनमाल, जिला जालोर को गिरफ्तार किया।

### जेवरात चोरी

**जोधपुर,** (कासं)। शास्त्रीनगर स्थित आदर्श सोसायटी में रविवार की रात को नेपाली नौकर ने अपने दो साथियों संग मिलकर सेठ के घर में सैंध मार दी। तकरीबन 40 तोला सोना और कुछ जरूरी सामान ले गया।

### बंदी की मौत

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर केंद्रीय कारागार में एक बंदी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे जेल की डिस्पेंसरी में चैक करवाया गया, मगर बाद में उसे मृत बता दिया गया। इस बारे में रातानाडा थाने में जेल अधीक्षक की तरफ से मर्ग की रिपोर्ट दी गई। बताया गया कि मृतक चैक बाउंस के मामले में इसी साल जेल भेजा गया था। रातानाडा पुलिस ने बताया कि हनुमान भाखरी नई सडक़ हाल पुराना स्टेडियम के पास में रहने वाला 60 साल का बाबू लुकमान पुत्र मो. इशाक को चैक बाउंस केस में फरवरी में जेल हुई थी।

# जवांई ने ससुराल में फायरिंग की

**जोधपुर,** (कासं) बोरूंदा स्थित रावनियाना गांव में रविवार की रात को ससुराल पक्ष के लोगों से विवाद के चलते एक जवांई ने फायरिंग कर दी। घटना में एक महिला गोली लगने से जख्मी हो गई। उसे देर रात बोरूंदा अस्पताल ले जाया गया। मगर बाद में उसे जोधपुर रैफर कर दिया गया। बताया जाता है युवक और उसकी बहन की शादी एक ही घर में आमने सामने हो रखी है।

बोरुंदा पुलिस ने बताया रविवार देर रात रावनियाना गांव के खंगाला ढाणियां क्षेत्र में फायरिंग की सूचना मिली। प्रारंभिक पड़ताल में सामने आया कि मेलावास निवासी रामदीन जलवानिया और उसकी बहन का रिश्ता खंगाला ढाणियां क्षेत्र के परिवार में आमने सामने हुआ था।

रामदीन की बहन उस परिवार की बहू और उस परिवार की बेटी का रिश्ता रामदीन के साथ तय हुआ था।

पुलिस ने बताया कि रामदीन के परिवार वालों ने तो अपनी बेटी को ससुराल भेज दिया था, लेकिन बदले में तय हुए रिश्ते को मानने से इनकार करते हुए वो परिवार अपनी लडक़ी को रामदीन के घर नहीं भेज रहे थे। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों में कई दिनों से विवाद चल रहा था। पुलिस ने बताया कि रात को रामदीन अपने ससुराल पहुंचा और वहां कहासुनी के बीच उसने फायरिंग कर दी। इसमें उसकी सास लीलादेवी को गोली लगने पर वह घायल हो गई। आरोपी जवांई फरार है। तलाश जारी है।

# रामदेवरा में नेत्र कुंभ, रोशनी के लिए महा अभियान बना

**पोकरण/रामदेवरा,** (कासं)। पश्चिमी राजस्थान की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक नगरी, लोक देवता बाबा रामदेव की पावन धरा इन दिनों सेवा, संवेदना और स्वास्थ्य के अद्वितीय संगम की साक्षी बन रही है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा संगठन सक्षम द्वारा यहां 1 अगस्त से 2 सितंबर तक चल रहा वृहद 'नेत्र कुंभ' एक अभूतपूर्व चिकित्सा सेवा अभियान के रूप में उभर रहा है।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हआंखों की समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के मरीजों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं, दवाइयां, चश्मे और विशेष परामर्श निशुल्क उपलब्ध कराना, साथ ही नेत्र दिव्यांगों को जीवन में नए अवसर देने का प्रयास। नेत्र कुंभ का असर इस तरह देखने को मिला कि सुबह से ही पंडाल के बाहर लंबी कतारें लग जाती हैं। केवल कल के आंकडे ही इस अभियान की सफलता का प्रमाण हैं । 3,068 मरीजों की नेत्र जांच एक ही दिन में, 2,565 लोगों को मुफ्त चश्मे का वितरण, 2,368 मरीजों को निशुल्क दवाइयां प्रदान कई बुजुर्ग मरीजों ने वर्षो बाद अपनी आंखों की जांच कराई और कहा कि उन्हें इस तरह की सेवा अपने गांव के पास मिलना एक 'वरदान' जैसा है। वही रामदेवरा और कई जिलों के आसपास के गांवों में ऐसे हजारों लोग हैं, जो आंखों की समस्याओं से जूझते रहे लेकिन दूरी, आर्थिक कङ्गिनाई और संसाधनों की कमी के कारण इलाज नहीं करा पाए। सक्षम के इस महाअभियान ने उन्हें उनके द्वार पर ही आधुनिक नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई है। यहां आने वाले मरीजों के चेहरे पर दिखाई देने वाली संतुष्टि और राहत इस आयोजन के वास्तविक महत्व को दर्शाती है। वही देश के विभिन्न हिस्सों से आए सौ से अधिक नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टरों और प्रशिक्षित, तकनीशिनों की टीम दिन-रात मरीजों की जांच में जुटी है। इसके अलावा, होम्योपैथी, आयुर्वेदिक और एलोपैथिक चिकित्सा केंद्र भी लगाए गए हैं, जहां आंखों के साथ अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का भी उपचार किया जा रहा है। नेत्र कुंभ के सुचारू संचालन के लिए सक्षम ने एक बेहतरीन प्रबंधन ढांचा तैयार किया है। भीड प्रबंधन टीम जो अनुशासन बनाए रखती है।

लॉजिस्टिक सपोर्ट जिससे दवाइयां, चश्मे और उपकरण समय पर उपलब्ध होते हैं । सैकडों स्वयंसेवक इस सेवा कार्य को 24 घंटे समर्पित भाव से चला रहे हैं। खादी वस्त्र स्टॉल सेवा के साथ संस्कृति का संगम , नेत्र कुंभ में लगाया गया खादी वस्त्र प्रदर्शनी व बिक्री स्टॉल आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। गांव-गांव से आए लोग, डॉक्टर, स्वयंसेवक और सामाजिक कार्यकर्ता यहां सेवा भाव में एकजुट होकर काम कर रहे हैं। यह आयोजन आने वाले वर्षों तक पश्चिमी राजस्थान में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा।

## पदयात्रा 16 को

**बालोतरा,** (निसं)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिव्य पर्व पर 16 अगस्त को माली समाज,बालोतरा द्वारा अत्यन्त उल्लासपूर्ण धर्ममही वातावरण में बालोतरा से श्री वृन्दावन धाम भगवती आश्रम पचपदरा तक पावन पद- यात्रा संघ का आयोजन रखा गया है।

पद-यात्रा संघ के संयोजक खेताराम माली व चेतन कच्छवाह ने बताया कि श्री नरसिंगदासज महाराज समदडी व महामंडलेश्वर श्री राघवदासज महाराज के पावन सान्निध्य में यात्रा सुबह 7 बजे माली समाज भवन,गांधीपुरा से गाजे बाजे के साथ रवाना होगी। संयोजक ने बताया कि पावन पद यात्रा संघ में बालोतरा, जसोल,हाऊसिंग बोर्ड व आस-पास के क्षेत्रों से सनातन धर्म प्रेमी हजारों भक्तगण भाग लेकर पुण्य आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करेंगें।

पद यात्रा पूर्णाहुति पर आश्रम में सत्संग में ख्याति प्राप्त भजन सम्राट प्रकाश माली, श्याम पालीवाल,राजेश माली, जबराराम पंवार,अशोक प्रजापत, भंवर गायणा,हर्ष माली,नरेश माली, सरिता खारवाल, आस्था खारवाल, रामु माली,शंकर विश्नोई, गणपत माली, मदन माली अपने सुरीले व सुमधुर भजनों से भक्तजनों को सरोबार करेंगे।


**उत्तर पश्चिम रेलवे** — **ई-ऑक्शन आमंत्रित करने की सूचना**

उक्त के सन्दर्भ में विभिन्न गाड़ियों में एसएलआर एवं विभिन्न स्टेशनो पर विज्ञापन-(OOH) तथा स्टेशन परिसर में (नॉन - डिजिटल)/ दोपहिया वाहन एवं अन्य पार्सल पैकिंग सेवाएँ /पार्किंग स्टैंड /पे एंड यूज - (वेटिंग रूम/रिटायरिंग रूम/क्लॉक रूम) /पूजा सामग्री कियॉस्क /एम.पी.एस (MPS)/विज्ञापन-ग्लो बॉल टॉवर (GBT) के ठेके हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की गई है। कैटलॉग IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किए जा चुके हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम : | 1. | जोधपुर मंडल से संचालित गाड़ियों के एसएलआर लीजिंग में स्थान लीज पर माल पार्सल की लोडिंग हेतु इ-ऑक्शन |
| | | 2. | जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनो पर वाणिज्यिक विज्ञापन के ठेके हेतु आउट ऑफ होम (OOH) एवं स्टेशन परिसर में (नॉन - डिजिटल) आदि का ई-ऑक्शन |
| | | 3. | जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनो पर दोपहिया वाहन एवं अन्य पार्सल पैकिंग सेवाएँ के ठेके हेतु इ- ऑक्शन |
| | | 4. | जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनो पर पार्किंग स्टैंड के ठेके हेतु इ-ऑक्शन |
| | | 5. | जोधपुर मंडल के स्टेशन पर पे एंड यूज- (वेटिंग रूम/ रिटायरिंग रूम/क्लॉक रूम) के ठेके हेतु इ- ऑक्शन |
| | | 6 | जोधपुर मंडल के स्टेशन पर पूजा सामग्री कियॉस्क के ठेके हेतु इ-ऑक्शन |
| | | 7. | जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनो पर एम. पी. एस (MPS) के ठेके हेतु इ-ऑक्शन |
| | | 8. | जोधपुर मंडल के स्टेशन पर वाणिज्यिक विज्ञापन ग्लो बॉल टॉवर (GBT) के ठेके हेतु आदि का ई-ऑक्शन |
| 2. | कार्य की अवधि | 1. | विज्ञापन (आउट ऑफ होम) : 5 वर्ष |
| | | 2. | एसएलआर लीजिंग : 2 वर्ष |
| | | 3. | दोपहिया वाहन एवं अन्य पार्सल पैकिंग सेवाएँ : 3 वर्ष |
| | | 4. | पार्किंग : 3 वर्ष |
| | | 5. | पे एंड यूज रू (वेटिंग रूम/रिटायरिंग रूम /क्लॉक रूम) - 3 वर्ष |
| | | 6. | पूजा सामग्री कियॉस्क : 3 वर्ष |
| | | 7. | विज्ञापन (नॉन - डिजिटल): 2 वर्ष |
| | | 8. | एम. पी. एस (MPS) : 5 वर्ष |
| | | 9. | विज्ञापन (Glow Ball Tower ) : 3 वर्ष |
| 3. | लॉट के ई-ऑक्शन प्रारम्भ की तिथि व समय | 1. | ADVT: OOH- JU-60 दिनांक 19-08-2025 को 12:00 बजे से |
| | | 2. | SLRs: Parcel-JU- 105 दिनांक 19-08-25 को 14:00 बजे से |
| | | 3. | Two-wheeler Bike packing services: MSS-JU-TWnPS-11 दिनांक 20-08-25 को 11:00 बजे से |
| | | 4. | PARKING: Parking -JU- 65 दिनांक 20-08-25 को 13:00 बजे से |
| | | 5 | Waiting / Retiring / Cloak Rooms: KMNC-WR-RR-CR-3 दिनांक 20-08-25 को 15:00 बजे से |
| | | 6. | Pooja Samagri Kiosk: MSS-JU-PSKsK-8 दिनांक 21-08-2025 को 12:00 बजे से |
| | | 7. | ADVT: RDN-ND -JU-26 दिनांक 22-08-2025 को 12:00 बजे से |
| | | 8. | MPS : MPS-JU-35 दिनांक 23-08-2025 को 12:00 बजे से |
| | | 9. | ADVT(Glow Ball Tower) : GBT-ADVT-25-10 दिनांक 23-08-2025 को 13:00 बजे से |
| | | 10. | ADVT: OOH -JU-61 दिनांक 23-08-2025 को 14:00 बजे से |

4. वेबसाईट जहाँ से लॉट वाईज ई-ऑक्शन के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। : www.ireps.gov.in

1002-DR/25

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

